**प्रेस नोट**
**दिनांक 17.05.2025**
**जनपद गोण्डा।**

## पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पुलिस अधीक्षक गोंडा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद गोंडा के समस्त थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों के लिए ई-ऑफिस प्रणाली पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 17.05.2025 को रिजर्व पुलिस लाइन सभागार, गोंडा में किया गया। यह प्रशिक्षण भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन की डिजिटल इंडिया योजना के तहत प्रशासनिक प्रक्रियाओं को आधुनिक और पेपरलेस बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में सभी विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन हेतु यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पुलिस विभाग की आंतरिक कार्यप्रणालियों को पारदर्शी, त्वरित एवं प्रभावी बनाना है। ई-ऑफिस के माध्यम से अब विभिन्न प्रकार की प्रशासनिक फाइलें, पत्राचार, अनुमोदन, नस्तीकरण, ई-डिस्पैच आदि डिजिटल रूप से संपादित किए जा सकेंगे, जिससे समय की बचत और कार्य में तेजी आएगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तकनीकी मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु श्री राजदीप यादव – CCTNS प्रभारी, श्री गिरीश कुमार – NIC प्रभारी, श्री फैसल – तकनीकी सहायक उपस्थित रहे। इन सभी विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को ई-ऑफिस प्रणाली की स्थापना, संचालन, दस्तावेज़ अपलोडिंग, नस्तीकरण प्रक्रिया, अनुमोदन प्रक्रिया, ई-डिस्पैच एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी प्रायोगिक रूप में दी गई।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा बताया गया कि डिजिटल कार्यप्रणाली को अपनाना समय की आवश्यकता है। ई-ऑफिस के माध्यम से कार्यक्षमता में वृद्धि होगी तथा पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। समस्त कार्यालयों के कार्यों को शीघ्र ही ई-ऑफिस प्लेटफ़ॉर्म पर स्थानांतरित कर लिया जायेगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम गोंडा जनपद में प्रशासनिक डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक मजबूत पहल सिद्ध होगा।

**इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के समस्त थानों, कार्यालय, शाखा से 01-01 पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।**